नई उड़ान रविवार से ही शुरू हुई है। इससे रांची से दिल्ली होते हुए मुंबई, जम्मू, कोच्चि और हैदरावाद को हवाई संपर्क से जोड़ने की सुविधा मिल सकेगी। विस्तार ने कहा, रांची को अपने नेटवर्क में जोड़ने की हमें खुशी है। विस्तार की राजधानी दिल्ली से रांची के वीच प्रतिदिन दो उड़ान वाजार के प्रति हमारी प्रतिवद्धता को दिखाता है।

### कतर एयरवेज की नई उड़ान

दोहा। कतर एयरवेज ने थाईलैंड के शहर पट्टाया के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइन ने वताया कि दोहा और पट्टाया के वीच सेवा 28 जनवरी 2018 से शुरू होगी और सप्ताह में चार उड़ानें जाएंगी। यह उसके नेटवर्क में शामिल होने वाला थाईलैंड का पांचवां शहर है। मौजूदा समय में वैंकाक, क्रवी और फुकेत के लिए उसकी उड़ानें हैं जवकि चियांग माई के लिए 12 दिसम्वर से सेवा शुरू होनी है।■ भाषा/वार्ता

# पीएम की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम को पलीता लगा रहे नौकरशाह

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ी हुई है। करप्शन के खिलाफ जीरो टोलरेंस का असर भी दिखाई दिया है लेकिन सरकार के कुछ नौकरशाह प्रधानमंत्री के इस अभियान को पलीता लगा रहे हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी भले ही निश्चिंत भाव में हों लेकिन जांच एजेंसियां दिनोंदिन अपनी सतर्कता वढ़ाती जा रही हैं। ऐसे अधिकारी इन एजेंसियों के रडार पर भी आ चुके हैं।

सूत्रों के मुताविक वित्त मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर नार्थ व्लाक के गलियारों में कानाफूंसी तेज हो गई है। अवैध उगाही का खेल वड़े ही योजनावद्ध तरीके से चल रहा है। यह खेल भी कम फिल्मी नहीं है। फिल्मी तर्ज पर इसमें ट्राएंगल भी है- यानी पति, पत्नी और वो ताकि संवंधित शीर्ष अधिकारी सीधे तौर कहीं सामने न आने पाए। दरअसल, उनके रिटायर्ड पति खुद नौकरशाह रहे हैं इसलिए उनकी मंत्रालय और तमाम विभागों में खासी पैठ है। वह समूची प्रक्रिया को इतनी वखूवी निभाते हैं कि विभाग के आला अफसर उनके आगे नतमस्तक हो जाते हैं।



- देशभर में बड़े ही संगठित रूप से चलाया जा रहा है उगाही का खेल
- अधिकारी का रिटायर्ड पति कर रहा है इस गोरखधंधे का संचालन
- पूर्व अधिकारी ने एक निजी कंपनी के नाम ले रखा है फोन कनेक्शन
- इसके जरिए शीर्ष जांच एजेंसियों के आखों में झोंकी जा रही है धूल

इस खेल में सावधानी इतनी वरती जा रही है कि वातचीत के लिए जिस मोवाइल फोन का इस्तेमाल किया जाता है वह किसी और के नाम का होता है क्योंकि खुद के मोवाइल के इस्तेमाल से जांच एजेंसियों को गैर कानूनी गतिविधियों को ट्रेस करने अर संदिग्ध पर हाथ डालने में आसानी होती है। इसलिए रिटायर्ड सरकारी अधिकारी ने मोवाइल फोन का कनेक्शन अपने नाम न लेकर नोएडा की एक कंपनी के नाम से लिया है। ऐसा नहीं कि इनके नाम से मोवाइल फोन का कनेक्शन नहीं है। लेकिन देशभर में फैले अफसरों और फंसाए गए उद्यमियों से वसूली वैध कनेक्शन के जरिए नहीं वल्कि इस कंपनी के नाम से जारी मोवाइल से होती है।

सूत्र वताते हैं कि रिटायर्ड अफसर ने नोएडा की एक यूनिवर्सिटी में कार्यरत अफसर को विचौलिया वना लिया है। सूत्र वताते हैं कि वसूली में से इसको भी हिस्सा मिलता है। विभाग के कई विश्वासपात्र अफसर भी इस गोरखधंधे में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें मोटा कमीशन मिलता है और साथ में महत्वपूर्ण पोस्टिंग भी।

चूंकि वित्त मंत्रालय का यह विभाग पूरे देश में फैला हुआ है। इसी का फायदा उठाते हुए मुंवई, कोलकाता, चेन्नई आदि विजनेस सेंटर पर खास लोगों की तैनाती की गई है ताकि नियमित रूप से मोटी रकम आती रहे। ट्रांसफरपोस्टिंग का काम भी कम मलाईदार नहीं है। सूत्रों की मानें तो रिटायर्ड अफसर ने वेंगलुरू में भी एक वड़ी डील की थी। इस इंटरनेशनल डील में करोड़ों के व्यारेन्यारे हुए। इस गोरखधंधे की शिकायत पीएमओ तक से की जा चुकी है। एक मामले में तो जांच शुरू भी हो चुकी है और संभव है कि जांच पूरी होने तक उक्त आला अधिकारी को पद से हटा भी दिया जाए।

## खनिज उत्पादन

**अगस्त 2017**



कुल मूल्य (आणविक और गौण खनिजों के अतिरिक्त) ₹ 18015 करोड़

खनिज उत्पादन का सूचकांक 92.7

(करोड़ ₹ में) (अनंतिम)

| | |
|---|---|
| कोयला | 6158 |
| पेट्रोलियम (कच्चा) | 5489 |
| लौह अयस्क | 2228 |
| प्राकृ. गैस (प्र.) | 1921 |
| चूना-पत्थर | 616 |
| लिग्नाइट | 562 |

अगस्त 2017 में इन 6 खनिजों का कुल खनिज उत्पादन के मूल्य में लगभग 94% का योगदान था

स्रोत : खान मंत्रालय

| | | | % वृद्धि |
|---|---|---|---|
| कोयला | 457 | लाख टन | 15.7 |
| लिग्नाइट | 33 | हजार टन | 17.4 |
| प्राकृ. गैस (प्र.) | 2690 | मि. क्यू. मी. | 4.5 |
| पेट्रोलियम (कच्चा) | 30 | लाख टन | -1.6 |
| बॉक्साइट | 1990 | हजार टन | 25.0 |
| क्रोमाइट | 160 | हजार टन | -5.8 |
| तांबा कंसेंट्रेट | 10 | हजार टन | -15.3 |
| सोना | 113 | किलो | -28.5 |
| लौह अयस्क | 137 | लाख टन | 20.6 |
| लेड कंसेंट्रेट | 27 | हजार टन | 41.4 |
| मैंगनीज अयस्क | 167 | हजार टन | 9.6 |
| जिंक कंसेंट्रेट | 115 | हजार टन | 19.4 |
| एपा-फॉस्फो* | 109 | हजार टन | 120.1 |
| चूना-पत्थर | 253 | लाख टन | 10.4 |
| मैग्नेसाइट | 12 | हजार टन | -52.0 |
| हीरा | 2906 | कैरेट | 47.9 |

*एपाटाइट और फॉस्फोराइट

पीटीआई ग्राफिक

Previous Page



Next Page